आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1830बजे

मुख्य समाचार

- भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद लगातार तीसरी बार लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ।
- नई सरकार के कई मंत्री भी लेंगे शपथ– समारोह में शामिल होंगे कई विदेशी मेहमान।
- कांगड़ा ज़िले के बनखंडी में वन्य प्राणी उद्यान के पहले चरण का कार्य अगले वर्ष जून तक होगा पूरा।
- भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए प्रदेश के पर्यटन स्थलों में बढ़ी पर्यटकों की संख्या– पर्यटन सीज़न ज़ोरों पर।

............

शपथ ग्रहण

भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी आज लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री की शपथ ग्रहण करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नए मंत्रिमण्डल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। ये समारोह शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एन.डी.ए. संसदीय दल के नेता व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। एन.डी.ए. के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन के बाहर मोदी ने कहा कि एन.डी.ए. एक सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगी। नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों ने एन. डी.ए. सरकार को एक और अवसर दिया है और यह 18वीं लोकसभा नवीन व युवा ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार, देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो कार्यकाल में जिस गति से देश आगे बढ़ा है, समाज के हर क्षेत्र में परिवर्तन साफ–साफ नजर आ रहा है। 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर आना अपने आप में हर भारतीय के लिए बड़े गर्व का विषय है।

विदेशी मेहमान

नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पडोसी देशों के विभिन्न नेताओं को आमंत्रित किया गया है। पडोसी देशों के नेता समारोह में भाग लेने के लिए राजधानी पहुंच गए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉक्टर मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री त्शेरिंग तोबगे भी समारोह में भाग लेंगे। ये नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आज शाम आयोजित भोज में भी शामिल होंगे। नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का अब से कुछ देर बाद शाम 6 बजकर 45 मिनट से आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जाएगा।

जयराम ठाकुर

इधर, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि तीसरे कार्यकाल के लिए जो भी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, वे पिछले कार्यकाल के लक्ष्यों की तरह आसानी से निर्धारित समय के भीतर हासिल होंगे। जयराम ठाकुर ने तीसरी बार भाजपा और एन.डी.ए. को जनसमर्थन देने के लिए देशवासियों का भी आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार सबका साथ–सबका विकास का लक्ष्य के साथ काम करेगी और देश के हर वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

वन्य प्राणी उद्यान

कांगड़ा ज़िले में देहरा उपमण्डल के बनखंडी में वन्य प्राणी उद्यान का पहला चरण अगले वर्ष जून तक पूरा कर लिया जाएगा। इस उद्यान का कार्य करीब 6 सौ 19 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत से 3 वर्ष के भीतर 3 चरणों में किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने शिमला में बताया कि इसके निर्माण के लिए बीते 24 मई को केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। ये वन्य प्राणी उद्यान क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभरने के साथ–साथ स्थानीय लोगों को रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध करवाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार इस उद्यान के परिसर में लोगों की

सुविधा के लिए पर्याप्त पार्किंग, इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके अलावा सैलानियों को आकर्षित करने के लिए उद्यान के प्रवेशद्वार पर स्थानीय जीवनशैली को प्रदर्शित करती हुई कांगड़ा गांव की एक प्रतिकृति स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये उद्यान कांगड़ा ज़िला को हिमाचल की पर्यटन राजधानी के रूप में स्थापित करने में मील पत्थर साबित होगा और इससे क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि होगी।

खेल

इस बीच, मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में खेलों के प्रोत्साहन के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कोने–कोने से खेल प्रतिभाओं की खोज कर उनकी प्रतिभा को निखारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि करने के साथ–साथ खिलाड़ियों की डाइट मनी में भी वृद्धि की है। इसके अलावा खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और उन्हें बेहतर सुविधाएं देने के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध है।

नीट परीक्षा

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा (नीट) के एक हजार पांच सौ से अधिक उम्मीदवारों को कृपांक दिए जाने की समीक्षा के लिए एक पैनल गठित किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि पैनल की अध्यक्षता संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष करेंगे। यह समिति एक सप्ताह के भीतर सिफारिश देगी और अभ्यर्थियों के परिणाम की समीक्षा भी की जा सकती है। मेडिकल और डेंटल प्रवेश परीक्षा के परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे। कई प्रत्याशियों ने मुद्दे उठाते हुए दोबारा परीक्षा लेने की मांग की थी। कई आवेदकों ने अदालत में भी मामला दर्ज किया है। नीट के लिए 24 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था और 97 प्रतिशत उम्मीदवार परीक्षा में बैठे थे।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि सरकार प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि ये प्रयास किया जा रहा है कि संस्कृति और पर्यटन के माध्यम से प्रदेश की आर्थिकी को मज़बूत किया जा सके। धनीराम शांडिल सोलन के कोठों में फिलफॉट फोरम द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नृत्य, नाटक और संगीत प्रतियोगिता के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि फिलफॉट फोरम द्वारा संगीत, नृत्य और अभिनय के माध्यम से पूरे भारत को जोड़ने का एक बेहतरीन कार्य किया जा रहा है और ये संस्था वर्ष 1986 से कलाकारों को अपनी प्रतिभा व कौशल का प्रदर्शन करने के लिए सशक्त मंच प्रदान कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये प्रतियोगिता देश के साथ–साथ हिमाचल प्रदेश के उभरते हुए कलाकारों को भविष्य का बेहतर कलाकार बनने की दिशा में उचित मंच प्रदान करेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया।

कांग्रेस

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुने जाने पर सोनिया गांधी को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोनिया गांधी के असाधारण नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी ने अनेक चुनौतियों पर विजय हासिल की है। वहीं प्रतिभा सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी के कुशल नेतृत्व में पार्टी को मज़बूती के साथ–साथ इंडिया गठबंधन से भी बेहतर तालमेल स्थापित हो सकेगा।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला के अनुमोदन के बाद पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने हमीरपुर व देहरा ब्लॉक कांग्रेस की संपूर्ण कमेटियों को तुरंत प्रभाव से भंग कर दिया है। पार्टी ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। पार्टी के संगठन महामंत्री रजनीश किमटा के अनुसार जल्द ही इन दोनों ब्लॉकों में नए अध्यक्ष सहित नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि इस वर्ष चम्बा के अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले का आयोजन पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक बेहतर ढंग से किया जाएगा। इस वर्ष ये मेला 28 जुलाई से 4 अगस्त तक आयोजित किया जाना है। विधानसभा अध्यक्ष ने चम्बा में मेले के आयोजन को लेकर हुई बैठक में इस मेले के भव्य आयोजन के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। पठानिया ने कहा कि सरकारी स्तर पर मिंजर मेले को मिलने वाले अनुदान में भी इस वर्ष वृद्धि की जाएगी। विधायक नीरज नैयर भी बैठक में मौजूद रहे। उन्होंने सांस्कृतिक संध्याओं के लिए स्टार कलाकारों का चयन करने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पर्यटक

देश में आम चुनावों की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद से शिमला सहित अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की तादाद बढ़ने लगी है। प्रदेश में सीजन पीक पर है और प्रदेश में होटलों में आक्यूपेंसी 80 से 90 प्रतिशत है। शिमला, कसौली, किन्नौर व मनाली में 90 प्रतिशत से ज्यादा आक्यूपेंसी चल रही है। पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि मैदानों की गर्मी से राहत के लिए पर्यटक पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। पिछले साल मानसून की बरसात की वजह से पर्यटन सीज़न प्रभावित हुआ था।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि उनका विभाग शिक्षा में गुणवत्ता के साथ–साथ स्थानीय खेलों को प्रोत्साहन देने की दिशा में अहम कदम उठा रहा है। वे आज शिमला ज़िले में जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र के कठासू में वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा क्षेत्र में 23 करोड़ रूपए से अधिक की राशि के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

............